
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

13 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कोई मूल्य तब मूल्यवान है जब मूल्य का

मूल्य स्वंय के लिए मूल्यवान हो।

स्वामी दयानन्द सरस्वती



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

13 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी तिथि, गुरूवार 13 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

आचरण दृष्टान्त ही मनुष्य जाति की पाठशाला है, जो कुछ वह उनसे सीख सकता है, वह और किसी से नहीं।

– वर्क

1. **यूरेनस की खोज**– सौर मंडल के सातवें ग्रह 'यूरेनस' की खोज सर विलियम हर्सेल ने 13 मार्च, 1781 ई. को किया था। यूरेनस सौर मंडल का तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है एवं सूर्य से दूरी में सातवें स्थान पर है। यह सूर्य से लगभग 2.9 बिलियन की दूरी पर है। यह अपने अक्ष पर 16. 2 घण्टे में एक चक्कर लगा लेता है। इसका अक्षीय झुकाव 97 डिग्री है जिस कारण यह लेटा हुआ सा दिखाई देता है, इसलिए इसे 'लेटा हुआ ग्रह' भी कहते हैं। दूरबीन से देखने पर यूरेनस या अरूण ग्रह हरी डिस्क की तरह दिखता है, इसलिये इसे 'हरा ग्रह' भी कहा जाता है। यह शुक्र ग्रह की भांति अपने अक्ष पर पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाता है। इसका नामकरण प्राचीन ग्रीक मान्यता के अनुसार आकाश के देवता यूरेनस के नाम के साथ रखा गया है।

   - यह ग्रह आकार में पृथ्वी से 4 गुना बड़ा है।
   - यह ग्रह एक धूमिल नीली–हरी प्रकाश रेखा के समान दिखाई देता है। किसी दूरबीन द्वारा देखने पर यह एक लघु नीली–हरी डिस्क के समान दिखाई देता है। यूरेनस ग्रह के विचित्र रंग का कारण मीथेन गैस है। इस ग्रह के मिथेन में हाइड्रोजन और हीलियम गैस मिली हुई है। इस कारण इसे **'हरा ग्रह'** भी कहते हैं।
   - अरूण यानी यूरेनस के सभी उपग्रह पृथ्वी के विपरीत दिशा में परिभ्रमण करते है।
   - यूरेनस का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटेनिया तथा छोटा उपग्रह कार्डिलिया है।
   - यूरेनस ग्रह सौरमण्डल का **सबसे ठन्डा ग्रह** है जिसका निम्नतम तापमान 49 डिग्री केल्विन यानी –224 डिग्री सेन्टीग्रेड है।
   - इसके बादलों की निचली परत पानी से तथा सबसे ऊपर की परत मीथेन की बनी है।
   - यूरेनस सौरमण्डल में शनि और नेप्च्यून ग्रह के बीच स्थित है।
   - यूरेनस का पलायन वेग 21.3 किमी. प्रति सेकेण्ड है।
   - यूरेनस का भूमध्य रेखीय घूर्णन गति 2.59 किमी.प्रति घंटा है।

**संदर्भः हमारी दुनिया भाग 1, अध्याय 1 हमारा सौरमंडल** तथा **विज्ञान भाग 3, पाठ 13 तारे और सूर्य का परिवार** के साथ जोडकर चर्चा करें।

# दिवस विशेष

13 मार्च


मधु प्रिया

## यूरेनस की खोज 13 मार्च



यूरेनस हमारे सौर मण्डल में सूर्य से सातवाँ ग्रह है। व्यास के आधार पर यह सौर मण्डल का तीसरा बड़ा और द्रव्यमान के आधार पर चौथा बड़ा ग्रह है। द्रव्यमान में यह पृथ्वी से 14.5 गुना अधिक भारी और अकार में पृथ्वी से 63 गुना अधिक बड़ा है। औसत रूप में देखा जाए तो पृथ्वी से बहुत कम घना है। क्योंकि पृथ्वी पर पत्थर और अन्य भारी पदार्थ अधिक प्रतिशत में हैं जबकि युरेनस पर गैस अधिक है। इसीलिए पृथ्वी से तिरेसठ गुना बड़ा अकार रखने के बाद भी यह पृथ्वी से केवल साढ़े चौदह गुना भारी है। हालांकि युरेनस को बिना दूरबीन के आँख से भी देखा जा सकता है, यह इतना दूर है और इतनी मध्यम रोशनी का प्रतीत होता है। प्राचीन विद्वानों ने कभी भी इसे ग्रह का दर्जा नहीं दिया और इसे एक दूर टिमटिमाता तारा ही समझा। 13 मार्च 1781 में विलियम हरशल ने इसकी खोज की घोषणा की। यूरेनस दूरबीन द्वारा पाए जाने वाला पहला ग्रह था।

# जयंती विशेष 13 मार्च




**चुनीलाल बसु** *Chunilal Basu*, जन्म- 13 मार्च, 1861; मृत्यु- 2 अगस्त, 1930) भारत के एक रसायनज्ञ, विज्ञानसाधक, चिकित्सक और देशप्रेमी थे। वे रसायन विज्ञान के मेधावी विद्यार्थी थे। उन्होने ग्रामीण बंगाल में स्वच्छता और स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

Class 4
EVS

Tob TLM

# त्योहार और भोजन

* हमारे देश को त्योहारों का देश कहा जाता है।
* यहां विभिन्न धर्म और संप्रदाय के लोग मिल-जुलकर अपना त्योहार मनाते हैं।
* हर मौसम के हिसाब से कुछ त्योहार होते हैं और हर क्षेत्र में उस त्योहार के कुछ खास पकवान होते हैं।
* इन त्योहारों के अलावा कई सारे क्षेत्रीय पर्व और त्योहार हैं, जिनको लोग मिल-जुलकर मनाते हैं जैसे- होली, दुर्गा पूजा, छठ पर्व इत्यादि।

## कुछ त्योहार और पकवानों की सारणी

| | पकवान | त्योहार |
|---|---|---|
| 1. | पुआ | होली |
| 2. | लड्डू, धान का लावा | दीपावली, नाग पंचमी |
| 3. | दही, चूड़ा, तिलकुट | मकर संक्रांति |
| 4. | रोटी-मलीदा | ईद,मुहर्रम |
| 5. | केक | क्रिसमस |
| 6. | झिंगनी की तरकारी | जीवित्पुत्रिका व्रत |
| 7. | खिचड़ी | मकर संक्रांति |
| 8. | सतू | मेष संक्रांति(सतूआनी) |
| 9. | मड़ूआ की रोटी | जीवित्पुत्रिका व्रत |



पुनीता कुमारी

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### नियोडिमियम(Neodymium)

लैंथेनाइड सीरीज तत्व

संकेत (Symbol) - **Nd**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -60

परमाणु भार (A.weight ) -144.24

समूह -f block group

आवर्त (period)-6

ब्लाक (block)-f

संयोजकता (valancy)-2

समस्थानिक (isotope)-7

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$4f^4 6s^2$




## खोज

1885,कार्ल एयर वॉन

## भौतिक गुण

चांदी सफेद, जहरीली, दुर्लभ मृदा धातु

## रासायनिक गुण

पानी के साथ प्रतिक्रियाशील, तनु अम्लों में धुलनशील

## उपयोग

मोबाइल, चुंबक,हार्ड डिस्क ड्राइव, टीवी

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## जब पूरी को तलते है तो फूल जाती है, क्यों?

पूरी मे नमी होती है। जब इसे गर्म कड़ाही में डालकर तला जाता है तो ऊष्मा के प्रभाव से नमी वाष्प में परिणत हो जाती है।ठोस से गैस का प्रसार अधिक होता है। गैस के आयतन में ऊष्मा के प्रभाव से वृद्धि होती है। अतः पूरी तलने पर फूल जाती है।



Madhu priya

# बिहार दिवस विशेष

**13 मार्च**

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 25. दानापुर छावनी

दानापुर, भारत के बिहार राज्य में पटना जिले का एक छावनी शहर है। दानापुर एक द्वितीय श्रेणी का छावनी है, जिसे **1765** में स्थापित किया गया था। छावनी पटना के प्राचीन ऐतिहासिक शहर से **14** किमी पश्चिम में स्थित है। बिहार रेजिमेंट **(**बीआरसी**)** का रेजिमेंटल सेंटर दानापुर छावनी में **1949** में स्थापित किया गया था, जिसमें बिहार क्षेत्र के सैनिक शामिल थे। मुख्यालय झारखंड और बिहार दानापुर छावनी में स्थित है। दानापुर में डिपो एक ऐतिहासिक स्थानों में, सोन नदी के तट पर स्थित है। दानापुर में तैनात सेना के लिए स्टीमर और छोटे जहाजों को उतारने के लिए ऊंची जमीन को ध्यान में रखते हुए डिपो का स्थान चुना गया था। **1816** में दानापुर छावनी में एक सैन्य अस्पताल भी स्थापित किया गया था। दानापुर छावनी, बैरकपुर छावनी, पश्चिम बंगाल के बाद देश की दूसरी सबसे पुरानी छावनी है।

राकेश कुमार

ToB बालमन

# Amazing Facts



चॉकलेट के बारे में..



## 1. महंगा कोको

कोको को हाथ से तोड़ा जाता है और केवल एक पाउंड चॉकलेट बनाने के लिए 400 फलियों की आवश्यकता होती है!

## 2. कैफीन की मात्रा



चॉकलेट जितनी गहरे रंग की होगी, कैफीन की मात्रा उतनी ही अधिक होगी। लेकिन कॉफी के मुकाबले यह अभी भी कम है।



## 3. देवताओं का भोजन

कोको वृक्ष का नाम "थियोब्रोमा कोको" है। जिसका अर्थ है "देवताओं का भोजन"।

## 4.नाजुक पेड़



कोको का पेड़ भी बहुत नाजुक होता है, इसलिए दुर्भाग्यवश किसानों को 30% तक फलियों का नुकसान हो सकता है।

# होलिका दहन कथा



हिरण्यकशिपु का ज्येष्ठ पुत्र प्रह्लाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था। पिता के लाख कहने के बावजूद प्रह्लाद विष्णु की भक्ति करता रहा। दैत्य पुत्र होने के बावजूद नारद मुनि की शिक्षा के परिणामस्वरूप प्रह्लाद महान नारायण भक्त बना। असुराधिपति हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को मारने की भी कई बार कोशिश की परन्तु भगवान नारायण स्वयं उसकी रक्षा करते रहे और उसका बाल भी बांका नहीं हुआ। असुर राजा की बहन होलिका को भगवान शंकर से ऐसी चादर मिली थी जिसे ओढ़ने पर अग्नि उसे जला नहीं सकती थी। होलिका उस चादर को ओढ़कर प्रह्लाद को गोद में लेकर चिता पर बैठ गई। । दैवयोग से वह चादर उड़कर प्रह्लाद के ऊपर आ गई, जिससे प्रह्लाद की जान बच गई और होलिका जल गई। इस प्रकार हिन्दुओं के कई अन्य पर्वों की भाँति होलिका-दहन भी बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है।



राकेश कुमार

TOB

खेल कॉर्नर



# भारत के 3 सबसे सफल वनडे कप्तान



## रोहित शर्मा

| मैच | जीत | हार | जीत% |
|---|---|---|---|
| 56 | 42 | 12 | 75 |



## विराट कोहली

| मैच | जीत | हार | जीत% |
|---|---|---|---|
| 95 | 65 | 27 | 68.40 |



## एमएस धोनी

| मैच | जीत | हार | जीत% |
|---|---|---|---|
| 200 | 110 | 74 | 55 |

*जीत% के हिसाब से सबसे सफल कप्तान, जिन्होंने 50 से ज्यादा वनडे में कप्तानी की।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.03.2025

## स्मृति

स्मृति (**Memory**) एक मानसिक प्रक्रिया है जो हमें अनुभवों, सूचनाओं और ज्ञान को याद रखने, संग्रहीत करने और बाद में उन्हें पुनः प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



पंजाब के **डॉक्टर सूरी** ने आयुर्वेद के जरिए **117 सेंटीमीटर** लंबे जटिल फिस्टुला का सफल इलाज करके **विश्व रिकॉर्ड** अपने नाम किया है।



राकेश कुमार

हेल्पलाइन नंबर :
**1930**

# CYBERमंत्र

## साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा






## किसी अज्ञात स्रोत से प्राप्त ई-मेल संलग्नक डाउनलोड न करें।

Madhu priya

शिकायत हेतु :
https://cybercrime.gov.in

विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश:
https://ciet.nic.in/pages.php?id=booklet-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय शास्त्रीय सितार वादक
उस्ताद विलायत खां
जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म- 28 अगस्त 1928 - मृत्यु- 13 मार्च 2004
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# ToB बूझो तो जानें..



495

**वह क्या है जो ऊपर से फेंक देते हैं, और अन्दर से पका लेते हैं, और पकने के बाद अन्दर से फेंक देते है, ऊपर से खा लेते हैं ...**


**बुझो तो जानें ?**



www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से समस्त देशवासियों को
होलिका दहन
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar


Happy
HOLIKA
DAHAN
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org